जागरण

नागरिकों को जागरूक करेगी स्वस्थ भारत यात्रा

08 Jan 2019

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में स्वस्थ भारत यात्रा निकाली जा रही है। जनपद देहरादून की यह यात्रा 13 जनवरी को ऋषिकेश पहुंचेगी। यहां 14 जन
जागरण संवाददाता, ऋषिकेश: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में स्वस्थ भारत यात्रा निकाली जा रही है। जनपद देहरादून की यह यात्रा 13 जनवरी को ऋषिकेश पहुंचेगी। यहां 14 जनवरी को प्रभात फेरी व अन्य कार्यक्रम के जरिये आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

स्वस्थ भारत यात्रा के जिला नोडल अधिकारी व जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी गिरीश कंडवाल ने बताया कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में स्वस्थ भारत यात्रा निकाली जा रही है। 13 जनवरी को देहरादून के परेड ग्राउंड से यात्रा में शामिल साइकिल यात्रियों का दल ऋषिकेश के लिए रवाना होगा। ऋषिकेश में 14 जनवरी को प्रभात फेरी निकाली जाएगी। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से यह यात्रा हरिद्वार रोड, रेलवे रोड और पुराना बस अड्डा होते हुए नगर निगम पहुंचेगी। नगर निगम मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य प्रस्तुतियों के जरिये विशेष रूप से बच्चों को स्वास्थ्य और खाद्यान्न संबंधी जानकारी दी जाएगी। जिसके लिए स्क्रीन पर फिल्म आदि भी दिखाई जाएगी। जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि उसी रोज दिन में तीन बजे व्यापार सभा भवन में कार्यक्रम के जरिये व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। शाम को त्रिवेणी घाट पर कार्यक्रम होंगे। यात्रा के साथ फूड सेफ्टी वैन भी शामिल रहेगी। जिसमें उपलब्ध प्रयोगशाला के जरिये आम उपभोक्ता किसी भी खाद्य पदार्थ का मौके पर परीक्षण करा सकते हैं। 15 जनवरी को टीएचडीसी परिसर से यात्रा हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगी। ग्रामीण क्षेत्र में श्यामपुर, रायवाला, हरिपुर आदि स्थानों पर आने वाले पड़ाव में यात्रा दल के सदस्य नागरिकों को जागरूक करेंगे। एनसीसी कैडेट के अलावा नुक्कड़ नाटक टीम भी दल में शामिल है।